उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

# UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, रविवार, 6 सितंबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 2

देश

# सपा की मासिक बैठक में संगठन मजबूती और पांच शिक्षकों का सम्मान, नई यूथ ब्रिगेड कमेटी घोषित।




□□ प्रेस विज्ञप्ति □□माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार तथा समाजवादी पार्टी के सम्मानित जिलाध्यक्ष श्री आनंद गुर्जर एडवोकेट की अध्यक्षता में आज दिनांक 05 सितंबर 2026 को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय बुलंदशहर रोड हापुड़ पर मासिक बैठक का आयोजन किया गयाबैठक के दौरान संगठन की मजबूती और आगामी कार्यों की समीक्षा की गई साथ ही शिक्षक दिवस के पावन पर्व पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जनपद के पाँच प्रतिष्ठित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिनके नाम श्री शिव कुमार यादव, श्री मुस्ताक अहमद, श्री अनुज सिरोही, श्री अखिलेश कुमार तथा श्री राजेश कुमार हैंइसके अतिरिक्त बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बंद किए गए प्राथमिक विद्यालयों को चिन्हित करने का कार्य किया गया जिसके अंतर्गत विकासखंड हापुड़ के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्कूल सीतादेई, पीएस-गढ़ी पौर-1, पीएस-गढ़ी पौर-2, यूएचएस-उदयपुर और पीएस-गिरधरपुर को चिन्हित किया गयाकार्यक्रम के अगले चरण में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री श्री भूषण त्यागी जी के आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में तथा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अब्दुल चौधरी द्वारा अपनी नई जिला कमेटी की सूची का ऐलान किया गया तथा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया इस कार्यक्रम में...

## एक नज़र में

जवां पुलिस ने चोरी के माल व तमंचे समेत तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार।
जवां बाईपास पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार अधेड़ को रौंदा, मौके पर मौत।
शिक्षक दिवस पर मिझौड़ा में आयोजित हुई पीडीए पाठशाला।
गाजियाबाद : KDP ग्रांट सवाना सोसाइटी के शिव शक्ति मंदिर में जन्माष्टमी पर भव्य आयोजन, झांकियों और कीर्तन से गूंजा परिसर।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

## जवां पुलिस ने चोरी के माल व तमंचे समेत तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार।




संवाददाता हर्ष राठी अलीगढ़। थाना जवां पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को चोरी के सामान और अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से अल्टीनेटर, सोलर पैनल के तार, इन्वर्टर के तार, ट्यूबवेल के स्टार्टर और तांबे के तार चोरी किए थे। इस दौरान तमंचे के बल पर लोगों के साथ मारपीट करने का भी आरोप है।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फुरकान निवासी रठगांव, एजाज निवासी रठगांव और तौहीद निवासी अमरौली बरोली रोड को इमलौठ-कलुपुरा के जंगल से गिरफ्तार किया।

देश

## जवां बाईपास पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार अधेड़ को रौंदा, मौके पर मौत।



संवाददाता हर्ष राठी अलीगढ़ जवां। अज्ञात वाहन ने अधेड़ को रौंदा मौके पर मौत जवां: स्थानीय बाईपास पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार करीब 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर भी मौत हो गई सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव का मोर्चरी भेजा है। थाना हरदुआगंज के गांव गोवली निवासी 50 वर्षीय कैलाश उपाध्याय पुत्र गेंदालाल उपाध्याय कासिमपुर पावर हाउस की ढाई सौ मेगावाट यूनिट में कलर के पद पर तैनात था शुक्रवार की रात को करीब 9:30 बजे वह बाइक से टहलने के लिए निकाला था कि जवां बाईपास पर आदिल नर्सिंग होम के समीप अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो...

देश

## शिक्षक दिवस पर मिझौड़ा में आयोजित हुई पीडीए पाठशाला।




संवाददाता इंद्रेश कुमार मिश्रा कटेहरी। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री अखिलेश यादव जी के दिशा-निर्देश पर विधानसभा कटेहरी क्षेत्र के मिझौड़ा उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास पीडीए पाठशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक एवं प्रदेश महासचिव आदरणीय श्री जयशंकर पाण्डेय जी व जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व, सामाजिक न्याय, समानता एवं समाज के सभी वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

मनोरंजन

## गाजियाबाद : KDP ग्रांट सवाना सोसाइटी के शिव शक्ति मंदिर में जन्माष्टमी पर भव्य आयोजन, झांकियों और कीर्तन से गूंजा परिसर।





सह संपादक अशोक नेता जी KDP सोसाइटी स्थित शिव शक्ति मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को फूलों, रंग-बिरंगी लाइटों और झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों का आना-जाना लगा रहा।शाम को कार्यक्रम की शोभा देखते ही बनती थी। भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं - माखन चोरी, कालिया नाग दमन, गोवर्धन पर्वत और रासलीला पर आधारित भव्य झांकियां सजाई गईं।